

प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम

साहा, कप्तान डेविड वॉर्नर और मनीष पांडे की पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने दो विकेट पर 219 का स्कोर बनाया था। दिल्ली की टीम 131 का स्कोर ही बना सकी। इस बड़ी जीत के बाद सनराइजर्स के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम हैं।

## साहा की शानदार पारी के बाद पत्नी बोलीं, लंच में क्या खाया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स शानदार जीत हासिल की। इस मैच में हैदराबाद की टीम ने 88 रनों से जीत हासिल की। इस मैच में ऋद्धिमान साहा ने दमदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 45 गेंदों पर 87 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उनकी इस पारी की तारीफ सचिन तेंडुलकर और वीरेंदर सहवाग ने भी की। तेंडुलकर ने लिखा कि साहा की आक्रामक बल्लेबाजी की बात कम ही की जाती है। साहा की पत्नी रोमी मित्रा ने भी मजेदार रिऐक्शन दिया। रोमी ने साहा की पारी की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। उन्होंने इसके साथ एक कैप्शन दिया– ऋद्धिमान, फटाफट एक सवाल का जवाब दो– आज लंच में क्या खाया था।

# लक्ष्य का पीछा करने में नाकामी चिंता का विषय

क्रिकेट

## लीग के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जल्द सुधार करना होगा : पॉन्टिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पॉन्टिंग ने स्वीकार किया कि उनकी टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना चिंता का विषय बना हुआ है और अगर उसे लगातार तीन मैच गंवाने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले दोनों मैच जीतने हैं तो इसमें तुरंत सुधार करना होगा। बेहतरीन शुरुआत के बाद दिल्ली ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं और इनमें से दो अवसरों पर वह लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इनमें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को मिली हार भी शामिल है। अभी वह आईपीएल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है।

पॉन्टिंग ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह चिंता का विषय है। जब हमने पहले गेंदबाजी का फैसला किया तो हमने उन्हें बड़ा स्कोर बनाने दिया। हमें इसमें बेहतर खेल दिखाना होगा।



हमें पहले गेंदबाजी करते हुए अच्छी गेंदबाजी करने और लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है क्योंकि अभी तक यह हमारे अनुकूल नहीं रहा।' दिल्ली कैपिटल्स को अब अंकतालिका में शीर्ष पर चल रहे मुंबई इंडियंस और दूसरे स्थान पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना करना है।

पॉन्टिंग ने कहा, 'हमें टूर्नामेंट की शुरुआत से ही इसका अंदाजा था कि क्वॉलिफाइ करने के लिए लगभग कितने अंक की जरूरत पड़ती है। हमने सात जीत जल्दी हासिल कर दी और अब लगातार तीन मैच गंवा बैठे। हमें जीत की लय फिर से हासिल करनी होगी।'

उन्होंने कहा, 'हम अपने आखिरी दो मैच मुंबई और बैंगलोर के खिलाफ खेलेंगे और अभी हम जिस तरह से खेल रहे हैं अगर वैसा ही खेलते हैं तो इन दो मैचों को जीतना हमारे लिए मुश्किल हो जाएगा। इसलिए हमें जल्द से जल्द चीजों में बदलाव करना होगा।'

ऋद्धिमान साहा ने जॉनी बेयरस्टो की जगह शीर्ष क्रम में उतरकर सनराइजर्स की तरफ से 45 गेंदों पर 87 रन की धमाकेदार पारी खेली और पॉन्टिंग ने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज की इस पारी से वह हैरान होगा थे।

पॉन्टिंग ने कहा, 'हम जानते थे कि केन विलियमसन की वापसी हो सकती है और बेयरस्टों को बाहर बैठना होगा जिसका मतलब है कि साहा की विकेटकीपर के रूप में वापसी होगी। हमने सुबह इस पर चर्चा की थी कि साहा और केन के खिलाफ कैसे खेलना है।'

उन्होंने कहा, ''साहा ने आज बेहतरीन बल्लेबाजी की। उसने वास्तव में मुझे थोड़ा हैरान कर दिया। मैं जानता हूं कि वह खतरनाक खिलाड़ी है लेकिन उसने लंबे समय बाद वापसी की और बेहतरीन पारी खेली। उनकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।'

# रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे से हुए बाहर इंजरी मैनेजमेंट को लेकर बड़ा सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का चयन मुख्य चयनकर्ता के रूप में सुनील जोशी का पहला बड़ा टास्क था। हालांकि इसे लेकर काफी विवाद हो रहे हैं। टीम में से कुछ नाम गायब होने की वजह से सिलेक्शन प्रक्रिया और इंजरी मैनेजमेंट को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने तो फिटनेस मामलों को लेकर अधिक पारदर्शिता बरतने की भी बात कही।



सिलेक्टर्स ने कहा है कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम रोहित शर्मा की प्रोग्रेस पर नजर रखेगी। हालांकि पैनल ने आगे बढ़कर लोकेश राहुल को टी20 और वनडे सीरीज का उपकप्तान घोषित कर दिया। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को मिली जानकारी के अनुसार सिलेक्टर्स को टीम इंडिया के फिजियो नितिन पटेल ने बताया था कि रोहित चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि उन्होंने चोट के बारे में और दूसरी जानकारी नहीं दी थी। गौरतलब है कि रोहित इस साल न्यूजीलैंड दौरे से भी हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण लौट आए थे।

खबर मिली है कि यह सलामी बल्लेबाज फिट होकर मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में दोबारा खेलता हुआ नजर आ सकता है। एक करीबी सूत्र ने बताया, हमें थोड़ा इंतजार करना होगा। उम्मीद है कि उनकी चोट न बढ़ जाए।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में स्टेडियम पहुंचेंगे 25 हजार दर्शक, हो गया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आईपीएल 2020 के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीनों फॉर्मेट की सीरीज होनी है। टी20 और वनडे सीरीज के बाद चार मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। इसी टेस्ट सीरीज में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दर्शकों को स्टेडियम में जाने की अनुमति मिल गई है। हजार दो हजार नहीं, बल्कि 25 हजार दर्शक स्टेडियम में बैठकर बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच का लुत्फ उठा पाएंगे। इस बात का ऐलान हो गया है।

कोविड–19 महामारी के बीच भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में 26 दिसंबर से दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। ये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच होगा, क्योंकि साल के आखिर में होने वाले टेस्ट को बॉक्सिंग डे टेस्ट की संज्ञा दी गई है। एमसीजी ने इस बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए स्टेडियम की क्षमता का एक चौथा हिस्सा दर्शकों के लिए रखा है। एमएसजी अभी तक दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है, जिसकी दर्शक क्षमता एक लाख है।

## न्यूज डायरी



### भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का पूरा शेड्यूल घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल कन्फर्म हो गया है। चार टेस्ट मैचों की सीरीज के ऐडिलेड में होने वाला मुकाबला डे–नाइट टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में परंपरागत रूप से मेलबर्न में ही होगा। तीन वनडे सीरीज में 27 और 29 नवंबर और 2 दिसंबर को मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा टी20 इंटरनैशनल मुकाबले 4, 6 और 8 दिसंबर में खेले जाएंगे। और टेस्ट सीरीज की शुरुआत 17 दिसंबर से होगी। टेस्ट सीरीज से पहले भारत–ए, ऑस्ट्रेलिया ए खिलाफ 6 से 8 दिसंबर के बीच मुकाबला होगा और 11–13 दिसंबर के बीच सिडनी में डे–नाइट टेस्ट मुकाबला होगा।

### विश्व चौंपियन कोलमैन दो साल के लिए प्रतिबंधित, तोक्यो ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मोनाको। पुरुष वर्ग में 100 मीटर के विश्व चौंपियन क्रिस्टियन कोलमैन पर डोपिंग नियंत्रण से जुड़े तीन नियमों का उल्लंघन करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया गया है। ट्रैक एवं फील्ड की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि कोलमैन पर मई 2022 तक प्रतिबंध लगाया गया है और इस कारण वह अगले साल तोक्यो ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे। इस 24 वर्षीय अमेरिकी धावक को मई में ही अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया था। वह 2019 में तीन बार नमूना एकत्रित करने वाले अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने में नाकाम रहे थे। अगर कोई खिलाड़ी 12 महीने के अंदर तथाकथित 'ठहरने के स्थान' के नियम का तीन बार उल्लंघन करता है तो उसे दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ता है। कोलमैन इसके खिलाफ खेल पंचाट में अपील कर सकते हैं। उन्हें ओलिंपिक स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। उन्होंने दोहा, कतर में 2019 में 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीते थे।

### कप्तान श्रेयस अय्यर, पावरप्ले में ही गंवा दिया था मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 88 रन से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी टीम ने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया था लेकिन उन्हें अगले दो मैचों में एक जीत दर्ज करके प्लेऑफ में प्रवेश का यकीन है। अय्यर (ेतमले प्लमत) ने कहा, 'यह बड़ी हार है लेकिन इस समय हार का गम नहीं मना सकते। अभी हमें दो मैच और खेलने हैं और बस एक जीत की जरूरत है। हम पिछले तीन मैचों से उस जीत का इंतजार कर रहे हैं। इस हार से हमें बाकी मैचों में अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'सनराइजर्स पावरप्ले में 70 रन बना लिए और हम वहीं मैच गंवा बैठे थे। हमें मजबूत और सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरना है। इन पराजयों से मनोबल नहीं टूटना चाहिए। इन तीन मैचों से पहले के प्रदर्शन को ध्यान में रखना होगा।' सनराइजर्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि अगले दो मैचों में भी उनका लक्ष्य बड़े स्कोर बनाने का होगा ताकि प्लेऑफ में प्रवेश की उम्मीद बनी रहे।

### वेंगसरकर ने गांगुली से जांच की मांग की, पूछा– चयन के लिए क्या चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुनील जोशी की अगुआई वाली टीम इंडिया की सेलेक्शन कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 32 सदस्यीय टीम की घोषणा सोमवार को की थी। इस टीम में चोटिल रोहित शर्मा व इशांत शर्मा को शामिल नहीं किया गया जबकि रिषभ पंत को सिर्फ टेस्ट टीम में ही जगह दी गई। इस टीम में एक नाम के शामिल होने का इंतजार क्रिकेट पंडित व फैंस कर रहे थे, लेकिन उसे जगह नहीं दी गई और वो सूर्यकुमार यादव हैं। मुंबई इंडियंस का ये बल्लेबाज क्रिकेट के सिमित प्रारुप में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन बीसीसीआइ की सेलेक्शन कमेटी ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। हरभजन सिंह ने भी बीसीसीआइ से कहा कि उन्हें एक बार उनके रिकॉर्ड पर ध्यान जरूर देना चाहिए।